## Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to set up a medical college in Jhabua district, Madhya Pradesh.

**इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम):** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के झाबुआ जिले में लगभग 87 परसेंट आबादी जनजातीय समाज की है । इस जिले में मातृ मृत्यु-दर तथा शिशु मृत्यु-दर सबसे ज्यादा है और सिलकोसिस जैसी कई प्रकार की समस्याएं भी हैं । आज इन समस्याओं से यह क्षेत्र जूझ रहा है । हमारे यहाँ सबसे बड़ी समस्या यह है कि वहाँ 35 से 40 प्रतिशत लोग मजदूरी पर निर्भर हैं । वहाँ से लोग पास-पड़ोस के राज्य गुजरात, महाराष्ट्र तथा राजस्थान में काम करने के लिए जाते हैं और बीमार होकर आते हैं । हमारे यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत कमी हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जी से माँग करता हूँ कि झाबुआ जिले में एक मेडिकल कॉलेज दिया जाए, जिसकी महती आवश्यकता है । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।